# गुना कलेक्ट्रेट में युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा

## अर्धनग्न हालत में पहुंचा, लूट और पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



नवभारत न्यूज

**गुना 21 अप्रैल का। कलेक्ट्रेट परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक अर्धनग्न अवस्था में न्याय की गुहार लगाने पहुंच गया। युवक का आरोप था कि उसके साथ लूटपाट हुई है और पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। काफी देर तक कलेक्ट्रेट के गेट पर युवक का हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई।**

जानकारी के मुताबिक गुना तहसील के ग्राम बरखेड़ागिर्द निवासी खेरू आदिवासी नामक युवक मंगलवार को अर्धनग्न हालत में कलेक्ट्रेट पहुंचा था। युवक ने दावा किया कि उसने पिछले तीन वर्षों में मजदूरी करके 5 लाख रुपये जोड़े थे, जिन्हें टोल टैक्स के पास कुछ लोगों ने लूट लिया। युवक के मुताबिक, आरोपियों ने न केवल उसके पैसे छीने बल्कि उसके कपड़े भी फाड़ दिए और मारपीट कर उसे भगा दिया। उसने बताया कि इन पैसों से उसके भांजे का विवाह संपन्न होना था। युवक का आरोप है कि वह इस घटना की शिकायत लेकर संबंधित पुलिस थाने पहुँचा था, लेकिन वहाँ मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसकी फरियाद सुनने के बजाय आवेदन फाड़कर फेंक दिया। कलेक्ट्रेट में जब उसने भीतर घुसने का प्रयास किया, तो तैनात महिला गार्ड और सुरक्षाकर्मियों ने उसे रोक दिया। हंगामे के दौरान युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों और सुरक्षाकर्मियों का दावा है कि युवक अत्यधिक नशे की हालत में था, जिसके कारण उसकी जुबान लड़खड़ा रही थी और वह रह-रहकर रोने लग रहा था। हालांकि, युवक के नशे में होने की आधिकारिक पुष्टि के लिए कोई मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद अधिकारियों ने युवक को शांत कराने का प्रयास किया।

इसके बाद युवक कलेक्ट्रेट से लौट गया। फिलहाल, पुलिस मामले की सच्चाई का पता लगाने के लिए युवक के दावों और उसकी मानसिक स्थिति की जाँच कर रही है।

**अपशब्दों का इस्तेमाल किया**

युवक ने न केवल सुरक्षा गार्ड के साथ अभद्रता की बल्कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया, जिसे सुनकर सब दंग रह गए। युवक की भाषा को देखते हुए लोगों ने उसे हिदायत दी कि वह इस तरह की अव्यवहारिक भाषा का इस्तेमाल न करे, अन्यथा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो सकती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास



नवभारत न्यूज

**सागर 21 अप्रैल. कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान महिला द्वारा आत्मदाह का प्रयास किए जाने से हड़कंप मच गया.**

महिला अपने साथ पेट्रोल लेकर पहुंची थी और अचानक उसने खुद पर पेट्रोल डाल लिया. वहां तैनात महिला सुरक्षा कर्मी ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए दौड़कर महिला को पकड़ लिया और उसके हाथ से पेट्रोल की बोतल छीन ली. महिला का कहना है कि सागर निवासी एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ रखा.

वह उसे बिहार ले गया, जहां एक मंदिर में शादी की गई. वर्ष 2017 से 2024 तक दोनों पति-पत्नी की तरह साथ रहे. इस दौरान आरोपी ने उसे नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर किया और आर्थिक रूप से उसका शोषण किया. बाद में युवक ने शादी से ही इंकार कर दिया. महिला ने वर्ष 2025 में महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी. उस समय आरोपी ने शपथ पत्र देकर उसे पत्नी के रूप में स्वीकार किया और साथ रखने की सहमति जताई थी, लेकिन कुछ समय बाद वह अपने वादे से मुकर गया, इसके बाद महिला ने दोबारा शिकायत की, लेकिन उसके मुताबिक अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है.

### एक नजर में

## 41 फीट शिवलिंग के दिव्य दर्शन 25 अप्रैल से

**नवभारत न्यूज गंजबासौदा.** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा शहर में पहली बार 41 फीट के विशाल शिवलिंग के दिव्य दर्शन कराए जाएंगे. यह आयोजन 25 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 4.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक आयोजित होगा. कार्यक्रम के अंतर्गत व्यसन मुक्त चित्र प्रदर्शनी, सहज राजयोग चित्र प्रदर्शन, देवी-देवताओं की चेतन्य झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिव परमात्मा की आरती एवं मेडिटेशन अनुभूति शिविर आयोजित किए जाएंगे. आयोजन स्थल चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र रहेगा, जहां शहरवासियों के लिए 41 फीट के ज्योति स्वरूप शिवलिंग के दिव्य दर्शन का विशेष अवसर रहेगा. आयोजकों ने नगरवासियों को इस आध्यात्मिक आयोजन में शामिल होने हेतु हार्दिक ईश्वरीय निमंत्रण दिया है. शिविर का उद्घाटन शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया जाएगा.




## देव पहुंचाने जा रहे पिता की सड़क हादसे में मौत

**मुलताई.** नगर के गुरुसाहब निवासी एक पिता की बेटे की शादी के दूसरे दिन सड़क दुर्घटना मे मौत हो गई। जिससे शादी की खुशी मौत के मातम मे बदल गई। बताया जाता गुरुसाहब वार्ड मुलताई निवासी संजू बरमासे अपने बड़े भाई राजू बारमासे के साथ बाइक से कुटुम्ब के देव पहुंचाने बैतूल की ओर जा रहे थे, बाइक छोटा भाई संजू चला रहा था। नेशनल हाईवे बैतूल रोड पर ग्राम एनस के पास दोपहर करीब 1.15 बजे पहुंचे ही थे कि मुलताई से बैतूल की ओर जा रही गुप्ता ट्रेवल्स की बस के चालक ने एनस के पास सवारी उतारने के लिए बस के ब्रेक लगाकर बस बीच सड़क पर खडी कर दिया, अचानक बस रुकने से पीछे से आ रही बाइक सीधे बस के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर से संजू के चेहरे पर गंभीर चोटें आई। घटना के बाद बस चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। घायल संजू ने अस्पताल पहुँचने से पहले दम तोड़ दिया।

## कनिष्ठ अभियंताओं को नोटिस जारी करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज सागर 21 अप्रैल.** बिजली बिलों के भुगतान पर दी जा रही सरचार्ज राशि की छूट के लिए जारी समाधान योजना की अवधि 15 मई तक बढा दी गई है. समाधान योजना के तहत अधिक से अधिक बिजली बिलों के भुगतान करवाने एवं उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वितरण केन्द्र स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. रहली वितरण केन्द्र के सिमरिया नायक ग्राम में आयोजित शिविर में मुख्य अभियंता देवेन्द्र कुमार एवं अधीक्षण अभियंता श्रीमति चंद्ररेखा प्रभाकर उपस्थित रही. उन्होने मौके पर उपभोक्ताओं की समस्याए सुनी एवं उनके समाधान हेतु मौके पर अधिकारियों को निर्देशित किया तथा उन्हे बिजली बिलों का समाधान योजना अंतर्गत भुगतान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया. तदोपरान्त मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता द्वारा चॉदपुर उपकेन्द्र का निरीक्षण कर आवश्यक मेंटेनेंस, फीडर कम्युनिकेशन 100 प्रतिशत करने, प्रविष्टि करने, स्पेस ऐप के माध्यम से ही मेंटेनेंस करने हेतु निर्देशित किया गया तथा आर.डी.एस.एस. के 11 के.व्ही. इन्टरकनेक्शन का निरीक्षण कर कहा कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

# अंतर्राज्यीय धोखाधड़ी गिरोह के तीन सदस्य धराए

- **फर्जी जीएसटी से दिया लाखों की ठगी को अंजाम**
- **ब्रोकर बनकर व्यापारियों से करते थे संपर्क**

नवभारत न्यूज

**रेहटी 21 अप्रैल.** पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय धोखाधड़ी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने मक्का खरीदी के नाम पर फर्जी जीएसटी दस्तावेजों का उपयोग कर व्यापारी से लाखों रुपए की ठगी की थी.

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पंकज चन्द्रवंशी, निवासी रेहटी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपियों द्वारा लगभग 6500 क्विंटल मक्का की खरीदी कर फर्जी जीएसटी दस्तावेजों के माध्यम से धोखाधड़ी की गई और भुगतान किए बिना फरार हो गए. इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी. प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी राजेश कहारे के नेतृत्व में टीम गठित की गई. तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की. पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध करना स्वीकार किया.

गिरफ्तार आरोपियों में विनोद कुमार कलवानी निवासी रायपुर छत्तीसगढ़, मनोज कुमार निवासी शाहदरा दिल्ली एवं राजेश चवारे निवासी नागपुर/पांढुर्णा क्षेत्र शामिल हैं. गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है. जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी अलग-अलग नाम और मोबाइल नंबर का उपयोग कर स्वयं को ब्रोकर बताकर व्यापारियों से संपर्क करते थे. पहले कम मात्रा में माल खरीदकर भुगतान करते थे ताकि विश्वास बना सकें, इसके बाद बड़ी मात्रा में कृषि उपज मंगवाकर बिना भुगतान किए फरार हो जाते थे. आरोपियों के खिलाफ उत्तरप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में भी धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं.



# यात्री बस पलटने से 9 यात्री घायल

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मंगलवार सुबह बड़ागांव रोड पर एक यात्री बस पलट गई, जिसमें 11 लोग घायल हो गए। हादसा जिला मुख्यालय से लगभग 5 किलोमीटर दूर हनुमान मंदिर के पास क्रॉसिंग के दौरान हुआ। बस सर्विस कंपनी की थी और इंदौर से टीकमगढ़ आ रही थी। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई।**

कोतवाली थाना प्रभारी रवि भूषण पाठक ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। कुछ यात्रियों को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अधिकांश को मामूली चोटें लगी हैं। पुलिस फिलहाल घटना के कारणों की जांच कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय घायलों से पूछताछ के लिए अस्पताल पहुंचे। तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि बस गौगाबेर हनुमान मंदिर के पास पलट गई। इसमें 09 लोग घायल हुए हैं। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया है. बस इंदौर से टीकमगढ़ आ रही थी।

# कई बोरा गेहूं, भूसा, पानी के पाइप जले



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 21 अप्रैल, क्षेत्र के ग्राम इकोदिया में सोमवार को एक किसान के खेत और मकान में भीषण आग लग गई. आग लगने से करीब 250 पानी के पाइप, कई बोरा गेहूं और भूसा जलकर खाक हो गया. इस घटना में किसान का लाखों रूपये का सामान जलकर खाक होने का अनुमान है.**

जानकारी के अनुसार आग कुछ खेतों से होते हुए इकोदिया गांव के किसान सुरेंद्र रघुवंशी के खेत तक पहुंची. जिससे आग ने खेत के घर को भी चपेट में ले लिया. आग को देखकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया. वही इस घटना की सूचना मिलने पर नपा की दमकल गाड़ी ने भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया. लेकिन तब तक आग से किसान का काफी सामान जलकर खाक हो गया.

# खाली बर्तन लेकर महिलाओं का पैदल मार्च

## पेयजल के लिए भटकने को लाचार एक दर्जन गांव की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट में बजाए खाली बर्तन



नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 अप्रैल. जिले में बढ़ती गर्मी के साथ जल संकट ने विकराल रूप ले लिया है. हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि ग्रामीण महिलाएं खाली बर्तन लेकर सड़कों पर उतरने को मजबूर हैं. महिलाओं द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन और गांवों में विरोध की गूंज ने प्रशासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में करीब 12 गांवों की महिलाएं सिर पर खाली बर्तन रखकर पैदल मार्च करते हुए अपनी पीड़ा सुनाने पहुंचीं. महिलाओं का यह प्रदर्शन न केवल पानी की कमी, बल्कि प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ भी एक बड़ा संदेश बनकर सामने आया. कलेक्ट्रेट पहुंचने से पहले ही चिलचिलाती धूप और प्यास से बेहाल एक महिला अचानक बेहोश होकर गिर पड़ी. मौके पर मौजूद अन्य महिलाओं और लोगों ने तत्काल उसे संभाला.

जल संकट का असर अब ग्रामीण जीवन पर साफ नजर आने लगा है. कई परिवार गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं. महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगी. अब भोपाल में मंत्री और मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की बात भी कही गई है.

### इधर टंकी से बह रहा हजारों लीटर पानी

भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही नगर में जलसंकट गहराने लगा है. एक तरफ शहरवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नपा की लापरवाही के कारण हजारों लीटर कीमती पानी सड़कों पर बह रहा है. ताजा मामला शहर की मुरली वाली टंकी का है, जो आज फिर ओवरफ्लो हो गई. रहवासियों में प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है. लोगों का कहना है कि पिछले 7 दिनों में यह तीसरी बार है जब यह टंकी ओवरफ्लो हुई है. टंकी भरने के बाद मोटर बंद न होने के कारण पानी घंटों तक सड़कों पर बहता रहा. पानी की बर्बादी का यह कोई पहला मामला नहीं है. इससे पहले भी शहर के अन्य हिस्सों में लापरवाही सामने आ चुकी है नगर में वर्तमान में जल प्रदाय की स्थिति बेहद खराब है. नगर पालिका यहां हर दो दिन छोड़कर यानी तीसरे दिन पानी की सप्लाई करती है. ऐसे में जहां एक-एक बाल्टी पानी की कीमत है, वहां टंकियों का इस तरह ओवरफ्लो होना प्रबंधन पर बड़े सवाल खड़े करता है.

### दो किलोमीटर दूर से पानी ढोकर लाने की लाचारी

महिलाओं ने बताया कि कई हैंडपंप पूरी तरह सूख चुके हैं और नलकूप जवाब दे चुके हैं। ऐसे में पानी के लिए लंबी कतारें लगाना और खाली बर्तन बजाकर विरोध करना मजबूरी बन गया है. प्रदर्शनकारी महिलाओं ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए तीन प्रमुख मांगें रखीं गांवों में नए बोरवेल खनन, नियमित जलापूर्ति और स्थायी जल योजनाओं को शीघ्र लागू करना. उनका कहना है कि लगातार गिरते जलस्तर के कारण पुराने कुएं और हैंडपंप सूख चुके हैं, जिससे पेयजल की समस्या विकराल हो गई है. ग्राम पंचायत रोला, आलमपुरा, पचामा सहित कई गांवों में पानी की समस्या चरम पर है. महिलाओं को प्रतिदिन 1 से 2 किलोमीटर दूर जाकर झिरियां खोदकर या खेतों के कुओं से पानी लाना पड़ रहा है. सुबह से शाम तक पानी की जुगाड़ में लगे रहने के कारण उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है.

**परेशानी** | **अब दो दिन में एक बार मिलेगा पानी, अधूरी योजना से नगरवासी परेशान**

# 20 अप्रैल से जलापूर्ति का वादा फेल, सांची में गहराया जलसंकट



नवभारत न्यूज

**सांची. नगर में लगातार गिरते जलस्तर के चलते जल संकट गहराता जा रहा है. हालात को देखते हुए नगर परिषद ने अब दो दिन में एक बार जलापूर्ति करने का निर्णय लिया है, जिससे आम नागरिकों की परेशानी बढ़ गई है.**

जलसंवर्धन योजना के तहत अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के अधिकारियों ने 20 अप्रैल से नियमित जलापूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन तय समय सीमा बीतने के बाद भी वादा पूरा नहीं हो सका. इससे नगरवासियों में नाराजगी और चिंता का माहौल है.

भीषण गर्मी के कारण जलस्तर लगातार गिर रहा है. नगर परिषद ने बसस्टैंड क्षेत्र में एक बोर अधिग्रहित कर अस्थायी व्यवस्था की है, लेकिन यह पर्याप्त साबित नहीं हो रही. स्थिति को देखते हुए अब प्रशासन ने दो दिन में एक बार पानी देने का निर्णय लागू किया है. वर्ष 2020 में शुरू हुई जलसंवर्धन योजना का उद्देश्य घर-घर जलापूर्ति सुनिश्चित करना था. करीब 1.25 करोड़ रुपए की लागत वाली यह योजना वर्ष 2023 तक पूरी होनी थी, लेकिन धीमी कार्यप्रणाली के कारण वर्ष 2026 तक भी अधूरी बनी हुई है. हेडगेवार कॉलोनी में वाटर प्लांट और कार्यालय तैयार होने के बावजूद जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है. नगर परिषद द्वारा कंपनी को पूर्व में पत्र लिखकर शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे और इसकी प्रति कलेक्टर को भी भेजी गई थी, लेकिन अपेक्षित प्रगति नहीं हुई.

कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने पर उन्होंने फोन तक नहीं उठाया, जिससे उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं. सीएमओ नगर परिषद सांची रामलाल कुशवाह ने बताया कि कंपनी द्वारा 20 अप्रैल तक जलापूर्ति शुरू करने का आश्वासन दिया गया था, जो पूरा नहीं हुआ. वर्तमान में एक बोर के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है और दो दिन में एक बार पानी देने की व्यवस्था लागू की गई है. साथ ही कंपनी को पुनः पत्र भेजकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं. समय पर योजना पूरी न होने की कीमत अब नगरवासी बूंद-बूंद पानी के लिए तरसकर चुका रहे हैं.

# पहला जत्था हज के लिए हुआ रवाना

नवभारत न्यूज

**बीना 21 अप्रैल. रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 3 पर हज यात्रियों का स्वागत हुआ. बीना से हज यात्रा जाने से पहले राम वार्ड पार्षद अतीक खान ने हज यात्रियों का स्वागत सम्मान समारोह रखा जिसमें नगर पालिका की पूर्व हेल्थ ऑफीसर मोहम्मद नजीब काजी, बेगम नगमा सुल्तान, जाहिद खान, यूनुस अली, अफसर अली शमीम बानो मौजूद थे. हाजी इरफान खान ने कहा कि वह खुशनसीब है जिन्हें हज जाने का मौका मिलता है और हम अल्लाह ताला से दुआ करते हैं सभी मुसलमानों को हज जाने का मौका मिले.**



पार्षद अतीक खान ने कहा कि आप सभी खुशनसीब हैं जिन्हें अल्लाह ने हज करने के लिए बुलाया है.

प्रमोद राय ने कहा कि आप अल्लाह के मेहमान हैं, वहां जाकर देश में अमन-चैन और विकास के लिए दुआ करें. काफिला बीना रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ. मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बताया कि हज यात्रा इस्लाम का एक महत्वपूर्ण अरकान है और हर मुसलमान की ख्वाहिश होती है कि वह अपने जीवन में एक बार हज करे.